various parts of the body. In Gynaecology and Obstetrics, it is used in the ultrasound guided aspiration of hydraosalpinx detection of ovulation for invitro fertilisation, studying foetal abnormalities and assessment of gestational and;

(c) A multicentre study to obtain normal values for parameters of foetal growth using ultrasound has been conducted by Indian Council of Medical Research.

रेल विभाग में मस्टर रोल पर काम करने वाले कर्मचारी

3671. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल विभाग में मस्टर रोल पर काम करने वाले व्यक्तियों को स्थायी आधार पर नियुक्त किए जाने के संबंध में कोई प्रगति हुई है ;

(ख) विभिन्न मंडलों में अभी तक कितने कर्मचारियों को स्थायी किया जाना शेष है ; और

(ग) उन्हें कब तक स्थायी आधार पर नियुक्त किया जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) रेलों पर नैमित्तिक श्रमिकों को नियमित नियोजन में समाहित करने के बारे में (संभवत: जिस से प्रश्न संबंधित है) वर्ष 1984-85, 1985-86, और 1986-87 के लिए क्षेत्रीय रेलों से सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) क्षेत्रीय रेलों पर 1-4-1987 को कार्य कर रहे नैमित्तिक श्रमिकों के संबंध में सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) विभिन्न नियोजन में नैमित्तिक श्रमिकों का समाहन इस तरह के समाहन के लिए रिक्तियों की उपलब्धता तथा नियमित नियोजन के लिए उनकी पात्रता और उपयुक्तता पर निर्भर करता है । इस प्रयोजन के लिए कोई विशिष्ट समय सीमा निर्धारित करना अथवा बताना व्यवहारिक नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में रेल दुर्घटनाएं

3672. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में कितनी रेल दुर्घटनायें हुई ;

(ख) इन दुर्घटनाओं में कितने व्यक्ति हताहत और घायल हुए ; और

(ग) उन्हें या उनके परिवार के सदस्यों को क्षतिपूर्ति की कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) रेल दुर्घटनाओं के आंकड़े तथा सम्बद्ध सूचकांक रेलवे जोनवार रखे जाते हैं, राज्यवार नहीं ।

पुस्तक संवर्धन बोर्ड द्वारा विश्व के प्रामाणिक ग्रन्थों का प्रकाशन

3673. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में विश्व के प्रामाणिक ग्रन्थों के सस्ते संस्करणों के प्रकाशन के लिए पुस्तक संवर्धन बोर्ड ने अब तक क्या काम किया है ;

(ख) चालू वर्ष में उपर्युक्त श्रृंखलाओं के अन्तर्गत कितनी पुस्तकें प्रकाशित की जाएंगी ; और

(ग) 1987-88 के वर्ष के लिए उक्त बोर्ड का क्या कार्यक्रम है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) से